सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

अधिसूचना

एतदद्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक/परास्नातक विषम सेमेस्टर सत्र 2025—26 एवं सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम एम0एड0 विषम सेमेस्टर परीक्षा—2025—26 की परीक्षाएं सम्पन्न हो चुकी हैं। उक्त परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित किया जाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक/परास्नातक विषम सेमेस्टर सत्र 2025—26 हेतु महाविद्यालयों द्वारा छात्रों को आन्तरिक परीक्षाएं/मूल्यांकन का अंक ऑनलाइन पूरित किये जाने हेतु अंतिम तिथि 05—02—2026 निर्धारित किया गया था, किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा आंतरिक परीक्षाएं/मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन पूरित नहीं किया गया है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार छात्रहित में राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित **स्नातक/परास्नातक विषम सेमेस्टर सत्र 2025—26** के साथ ही साथ सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम **एम0एड0 विषम सेमेस्टर सत्र 2025—26** का आन्तरिक परीक्षाएं/मूल्यांकन के अंक अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल पुनः दिनांक 25—02—2026 से दिनांक 28—02—2026 तक खोला जा रहा है। उक्त निर्धारित तिथि तक आन्तरिक मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन पूरित करते हुए उसकी हॉर्डकापी दिनांक 08—03—2026 तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक—5457/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 25—02—2026

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता/कुलानुशासक, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. विभागाध्यक्ष/समस्त प्रभारी (परिसर), सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0, सि0।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक